MP BIRLA GROUP

# Vindhya Telelinks Limited

**Regd. Office:** Udyog Vihar, P.O. Chorhata,
Rewa - 486 006 (M.P.), India
Tel.: (07662) 400400; Fax No: (07662) 400591
E-mail: headoffice@vtlrewa.com; Website: www.vtlrewa.com
PAN NO. AAACV7757J; CIN: L31300MP1983PLC002134
GSTIN: 23AAACV7757J1Z0

VTL/CS/2022-23/Reg 47 25 MAY 2022

BSE Ltd.
Corporate Relationship Department
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building
P.J.Towers, Dalal Street,
Fort,
**MUMBAI-400 001**

**Company's Scrip Code: 517015**

The Manager,
Listing Department,
The National Stock Exchange of India Ltd,
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E),
**MUMBAI-400 051**

**Company's Scrip Code: VINDHYATEL**

Dear Sir,

**Sub: Newspaper Advertisement – Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and year ended on ended 31st March, 2022**

Pursuant to Regulation 47 and Regulation 30 read with Schedule III of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of the Newspaper Advertisements of the Audited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the quarter and year ended on 31st March, 2022 published in Newspapers viz. – Financial Express (in English) and Dainik Jagran (in Hindi) on 25th May, 2022.

We request you to kindly take the above on record and oblige.

Thanking you,

Yours faithfully,
**For Vindhya Telelinks Ltd.**

**(Dinesh Kapoor)**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As above.

# थाना भवन के लिए जैन शोध संस्थान का अस्तित्व दांव पर

## पुलिस के दबाव के सामने झुका विवि प्रशासन, मनचाही जगह पर दी जमीन

जागरण, रीवा

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में जैन धर्म दर्शन और प्रासंगिकता का अध्ययन करने शोध केंद्र का बनना अब मुश्किल हो गया है। पुलिसिया दबाव के सामने विश्वविद्यालय प्रशासन झुक गया और थाना भवन हेतु जमीन देने ऐसी आतुरता दिखाई कि जैन शोध संस्थान का अस्तित्व दांव पर लगा दिया। करीब चार साल पहले पूर्व कुलपति प्रो केएन सिंह यादव ने इस केंद्र की नींव रखवाई थी, जिसे विश्वविद्यालय के वर्तमान प्रशासकों ने ठोकर मार दी। गत 13 अप्रैल को हुई कार्यपरिषद की बैठक में पुलिस को थाना भवन के लिए 1 एकड़ से अधिक भूमि देने का निर्णय हुआ है। यह भूमि विश्वविद्यालय के कन्या छात्रावास और जैन शोध संस्थान हेतु आरक्षित भूमि के बीच में दी जा रही है। विश्वविद्यालय में इस समय जो शीर्ष अधिकारी हैं, वह हिंदू धर्म के प्रचारक के रूप में जाने जाते हैं, जिनकी सरपरस्ती में यह निर्णय हुआ। चूंकि संगठन में संबंधित अधिकारियों का रुतबा है, लिहाजा किसी भी अन्य सशक्त ने इस निर्णय का विरोध नहीं किया। वहीं, रुतबेदार अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिवार के वरिष्ठ या अन्य किसी सदस्य से भी इस बारे में चर्चा करना उचित नहीं समझा। इन सशक्त शीर्ष अधिकारियों ने जैन शोध संस्थान बाबत कोई कठिन प्रयास करने के बजाय सरलता से पुलिस को भूमि दे दी। बता दें कि करीब चार वर्ष पहले ही सत्तामद में चूर जनप्रतिनिधि ने अकादमिक कारीडोर के रूप में विकसित हुए क्षेत्र में कोर्ट भवन का निर्माण शुरू करा दिया था। लगभग यही स्थिति अब विश्वविद्यालय में भी है, जहां शिक्षण विभागों के मध्य थाना खुलने पर पुलिसिया रौब की शिक्षा भी निःशुल्क प्रतिदिन छात्र-छात्राओं को मिल सकेगी। बहरहाल, मसले को लेकर कुलपति डॉ राजकुमार आचार्य से बात करने का प्रयास किया गया परंतु उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

**तत्कालीन कलेक्टर ने नियम विरूद्ध दी थी जमीन :** मामले में एक जानकारी यह भी है कि वर्ष 2004 में तत्कालीन कलेक्टर ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर विश्व विद्यालय की उक्त भूमि पुलिस विभाग को आवंटित कर दी थी। तब से पुलिस विभाग उसी जमीन को लेने पर आमदा था। जबकि बायपास चौराहे से लगी विश्वविद्यालय की भूमि थाना भवन हेतु उपयुक्त थी परंतु वहां अतिक्रमण हटाकर थाना भवन बनाने में पुलिस को भी अपना बल कम महसूस हुआ और पुलिस विभाग कन्या छात्रावास व जैन शोध संस्थान के बीच में ही जमीन लेने अड़ा रहा।




**फैक्ट फाइल**

जैन शोध केंद्र

| | |
|---|---|
| लागत | 4 करोड़ 9 लाख |
| निर्माण क्षेत्र | 2125 वर्ग मीटर |

### ठेकेदार को पूर्व कुलसचिव ने खदेड़ दिया था

जहां पुलिस थाना भवन के लिए जमीन दी जा रही है, वहां कन्या छात्रावास होने के कारण पहले से ही विरोध की स्थिति रही। विश्वविद्यालय के एक पूर्व कुलसचिव ने तो थाना निर्माण करने वाले ठेकेदार को मौके पर जाकर खदेड़ दिया था। चूंकि कार्यपरिषद ने 1 एकड़ 60 डिसमिल भूमि देने का निर्णय लिया है और थाना भवन निर्माण की भूमि जैन शोध संस्थान के लिए चिन्हित क्षेत्र के नजदीक है। ऐसे में जैन शोध संस्थान हेतु आरक्षित भूमि का प्रभावित होना तय माना जा रहा है।

**दो मंजिला बननी थी इमारत :** उल्लेखनीय है कि जब विश्वविद्यालय ने जैन शोध संस्थान का प्रस्ताव बनाया था, तब प्रस्तावित नये भवन की निर्माण लागत 4 करोड़ 9 लाख रुपये अनुमानित रही। दो मंजिला केंद्र भवन के निर्माण लागत विश्वविद्यालय द्वारा जनसहयोग से ली जानी है लेकिन इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### सीमा रेखा बनाई, दरवाजा हो गया चोरी

केंद्र के निर्माण के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कागजी कार्यवाही पहले ही पूरी कर ली थी। प्रस्तावित भवन का नक्शा भी तैयार कर लिया गया है। भवन के लिए विश्वविद्यालय ने गर्ल्स हॉस्टल के बांयें तरफ खाली जमीन आवंटित रखी है। जैन शोध संस्थान के प्रस्तावित स्थल पर निर्माणी सीमा रेखा बनाने का काम 4 साल पहले हो चुका है, जिसके लिए लगा दरवाजा विगत वर्ष चोरी हो गया। जैन शोध केंद्र का निर्माण 2125 वर्गमीटर क्षेत्र में करना प्रस्तावित है।

### बौद्ध केंद्र पहले ही बंद कर दिया

विश्वविद्यालय में 15 वर्ष पहले अंतरभारती भवन का निर्माण हुआ था। कुछ ऐसी ही योजना के तहत निर्मित हुए भवन में बौद्ध धर्म का एक दर्शन केंद्र खुला था, लेकिन 7 साल पूर्व छात्रों की कमी के चलते वह बंद हो गया। बताते हैं कि प्रस्तावित नवीन भवन में जैन धर्म का अध्ययन करने के लिए आकर्षक म्यूजियम बनाया जाना है। साथ ही केंद्र में पांडुलिपियां, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था भी करने का जिक्र प्रस्ताव में है। भविष्य में इस केंद्र के अंदर अन्य धर्मों के अध्ययन की व्यवस्था भी करने की बात कही जा रही है।

> पूर्व में जो कार्यवाही हुई थी, उसके बाद इसमें कोई प्रगति नहीं हुई। उस समय जो कुलपति जी थे, उन्होंने शासन से राशि लाने और केंद्र का निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। उधर की जमीन थाना भवन को देंगे तो शोध भवन का वातावरण प्रभावित हो सकता है।
>
> **विजय अजमेरा, जिलाध्यक्ष**
> **दिगम्बर जैन समाज कल्याण समिति**

## जिले में 30 एवं 31 मई को लगेंगे वृहद स्वास्थ्य मेले

**रीवा।** आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत जिला मुख्यालय में 30 एवं 31 मई को वृहद स्वास्थ्य मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इन मेलों का आयोजन जिला चिकित्सालय रीवा में किया जा रहा है। स्वास्थ्य मेले में 30 मई को विकासखण्ड हनुमना, गंगेव, मऊगंज, सिरमौर तथा त्योंथर विकासखण्ड के रोगियों को उपचार सुविधा दी जाएगी। मेले में 31 मई को विकासखण्ड गोविंदगढ़ (स्वास्थ्य) नईगढ़ी,रायपुर कर्चुलियान, जवा तथा रीवा विकासखण्ड के रोगियों का उपचार किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर मनोज पुष्प ने बताया कि स्वास्थ्य मेले के माध्यम से पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड तथा हेल्थ कार्ड बनाए जाएंगे। मेले में 102 तरह की जांचे निःशुल्क की जाएंगी। मेले में रोगियों की जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों के दल तैनात रहेंगे। स्वास्थ्य मेले में ब्लड प्रेशर, एनीमिया, मधुमेह, कैंसर, कुष्ठ रोग, चर्म रोग, क्षय रोग सहित सभी रोगोंके उपचार की सुविधा रहेगी। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मेले के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। इस मेले में खण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेलों से रेफर हुए रोगियों का उपचार किया जाएगा।

# नैक मूल्यांकन की तैयारी में खर्च होंगे डेढ़ करोड़



## टीआरएस की शासी निकाय समिति ने बैठक में दी मंजूरी

**रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में मंगलवार को शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक में महाविद्यालय की आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। सत्र 2022-23 के इस बजट को शासी निकाय समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। इस बजट से महाविद्यालय की व्यवस्था संचालन और परीक्षा कार्यवाही का आगामी खर्च वहन किया जायेगा। साथ ही नैक मूल्यांकन की तैयारी के लिए डेढ़ करोड़ रूपये खर्च करने की अनुमति समिति ने महाविद्यालय को दी। इस राशि से महाविद्यालय भवनों की रंगाई-पुताई, कम्प्यूटर, एसी की खरीदी सहित अन्य कार्य किए जायेंगे। बैठक में बताया गया कि आगामी जुलाई से अक्टूबर महीने के बीच महाविद्यालय का निरीक्षण करने नैक टीम को आमंत्रित किया जाना है, जिसके चलते उक्त तैयारी की जानी है। इस बैठक में समिति के अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, मनीष भार्गव, प्राचार्य डॉ केके शर्मा, डॉ संजय शंकर मिश्र, डॉ अजयशंकर पाण्डेय, डॉ बीके शर्मा, विद्यालय प्राचार्य राजेंद्र सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# सुबह तेज हवाओं के साथ पड़ी फुहार, फिर निकली धूप

## दोपहर तक आसमान साफ होने से बढ़ा तापमान

**रीवा।** गत दिवस आंधी-वर्षा के उपरांत मंगलवार की सुबह भी आसमान में घने बादल रहे। सुबह तेज हवाओं के साथ फुहार भी पड़ती रही। फिर सुबह दस बजे तक आसमान कुछ साफ हुआ और धूप निकली। हालांकि, इसके बाद भी पूरे दिन आसमान में हल्के बादल छाये रहे, जिसके चलते धूप की तपन लोगों को कम महसूस हुई। मौसम विभाग की माने तो उत्तरी राजस्थान व पाकिस्तान की ओर ऊपरी हवा का चक्रवात बना है, जिसके चलते जिले के मौसम में यह बदलाव आया। इस प्री-मानसून की गतिविधि प्रारम्भ होना भी कहा जा रहा है। अब बुधवार से नौतपा की शुरूआत हो रही है लेकिन नौतपा की अवधि में भी भीषण गर्मी होगी, इस पर संशय व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले नौ दिन के बीच जिले में आंधी-वर्षा की स्थिति बनती रह सकती है। बल्कि नौतपा के बाद जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ने का अनुमान जताया जा रहा है। बहरहाल, मंगलवार को आसमान साफ होने से दिन के तापमान में कुछ बढ़त आई। बताया गया कि मंगलवार को दिन का तापमान बीते दिन से 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक 38.4 डि.से. दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान गत दिवस की अपेक्षा 5.0 डि.से. की बड़ी गिरावट के साथ 20.6 डि.से. तक जा पहुंचा। अब मौसम साफ होने पर तापमान में फिर उछाल आने का अनुमान है।

# वरुणेन्द्र प्रताप सिंह बने सीएम राइज पीके स्कूल के प्राचार्य



**जागरण, रीवा।** सीएम राइज स्कूल के लिए चयनित पीके स्कूल में प्राचार्य की पदस्थापना का आदेश जारी कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग से यह जिम्मेदारी रामनई प्राचार्य वरुणेन्द्र प्रताप सिंह को सौंपी गई है। वहीं पीके स्कूल में अब तक पदस्थ रहे संतोष कुमार मिश्रा की नई पदस्थापना बदरांव कर दी गई है। ज्ञात हो कि रीवा में कई स्कूलों को सीएम राइज के लिए चयनित किया गया है। इसमें पीके स्कूल भी शामिल हैं। सीएम राइज स्कूलों में पदस्थापना के लिए शिक्षकों को विशेष परीक्षा से गुजरना पड़ा था। प्राचार्यों का भी इंटरव्यू आयोजित किया गया था। शिक्षकों की पदस्थापना से पहले प्राचार्य को स्कूलों में पदस्थ करने का आदेश जारी कर दिया गया है। पीके स्कूल रीवा में रामनई के प्राचार्य वरुणेन्द्र प्रताप सिंह को पदस्थ किया गया है। उप सचिव मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद रीवा में सीएम राइज स्कूल के सफल होने की संभावना भी बढ़ गई है। शिक्षा जगत में पढ़ाने के मामले में वरुणेन्द्र प्रताप सिंह की पहचान किसी से छुपी नहीं है। जिस स्कूल में भी पदस्थ रहे वहां का परीक्षा परिणाम बेहतर ही रहा है। ऐसे में सीएम राइज के रूप में चयनित पीके स्कूल के भी बेहतर परिणाम की संभावनाएं बढ़ गई है। पीके स्कूल में पदस्थापना को लेकर प्राचार्य वरुणेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने लक्ष्य को भी स्पष्ट कर दिया है। उनका कहना है कि पीके स्कूल को वह रीवा का बेस्ट विद्यालय बनाकर रहेंगे। पीके स्कूल को सिर्फ कन्या सीएम राइज रखने का निर्णय लिया गया है लेकिन इसके कोएड किए जाने का प्रयास वह करेंगे। अपने विद्यालय में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए लोगों से मदद लेंगे। उनका फीड बैक लेकर सुधार करते रहेंगे। इसके अलावा स्कूल में रीवा के टॉप 10 में आने वाले टॉपरों को प्रवेश का मौका देंगे। सभी पढ़ने वाले छात्रों की टीम तैयार करेंगे।

## रोजगार मेले में 131 युवकों को मिला रोजगार



**रीवा।** जिला रोजगार कार्यालय रीवा एवं यशस्वी ग्रुप रीवा के संयुक्त तत्वाधान में 23 एवं 24 मई को आयोजित रोजगार मेले में 131 बेरोजगार युवकों को रोजगार मिला है। रोजगार कार्यालय के उप संचालक अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले 188 बेरोजगार युवकों ने अपना पंजीयन कराया था। उप संचालक रोजगार ने बताया कि 23 मई को आयोजित रोजगार मेले में 63 युवकों को एवं 24 मई को आयोजित रोजगार मेले में 68 युवकों को आफर लेटर प्रदान किया गया। इस दो दिवसीय रोजगार मेले में यशस्वी ग्रुप आयसर बग्गड़ पीथमपुर धार, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, चैतन्य माइक्रो फाइनेंस जबलपुर एवं प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा कंपनी द्वारा सहभागिता की गई।

## बरांव प्राचार्य का बीईओ ने रोका वेतन, जातिगत भेदभाव का लगाया आरोप

**रीवा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरांव हनुमना के प्राचार्य सीपी साकेत ने बीईओ हनुमना पर जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया है। प्राचार्य ने प्राचार्य व्याख्याता संगठन को पत्र लिखकर बिना वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के वेतन रोके जाने का आरोप लगाया है। प्राचार्य ने वेतन रोकने की प्रक्रिया को न्याय संगत नहीं माना है। उनका आरोप है कि अलग अलग संकुल प्राचार्यों के लिए बीईओ अलग अलग नियम के तहत कार्रवाई कर रहे हैं। प्राचार्य सीपी साकेत ने संगठन को लिखे पत्र में कहा है कि उनके द्वारा 4 मई 2022 को संकुल के समस्त कर्मचारियों का वेतन बीईओ हनुमना में जमा किया था। इसकी पावती भी प्राप्त की गई थी। 7 मई को वेतन भी आ गया लेकिन हेड 0581 के पेबिल से प्राचार्य एवं बाबू ईश्वरदीन शर्मा का वेतन पहले से ही साथ निकल रहा था। इस मर्तबा बीईओ हनुमना ने एनआईसी पे बिल को दरकिनार कर दूसरे एनआईसी बिल केवल लिपिक का निकलवा दिया गया। प्राचार्य ने आरोप लगाया है कि उनका वेतन सिर्फ जातिगत भावना व पूर्व से ग्रसित द्वेष, ईर्ष्या के कारण रोक दिया गया। बीईओ हनुमना के मुताबिक रोस्टर की जानकारी समय पर जमा न करने पर वेतन रोका गया। प्राचार्य ने आरोप लगाया है कि हनुमना से कुछ संकुलों का 23 अप्रैल 2022 शनिवार की शाम को ईमेल के द्वारा जानकारी दी गई। जबकि एचएसएस बरांव, एचएसएस खटखरी, पहाड़ी की जानकारी 24 अप्रैल दिन रविवार को क्रमशः 1 बजकर 51 मिनट पर बरांव की जानकारी ईमेल से दी गई। 2. 30 बजे खटखरी एवं 5 बजे पहाड़ी की जानकारी दी गई। इस लेटलतीफी जानकारी के कारण खटखरी का वेतन नहीं रोका गया क्योंकि वहां के प्राचार्य आरपी गुप्ता हैं। बरांव एवं पहाड़ी में अनुसूचित जाति के प्राचार्य होने के कारण बीईओ हनुमना द्वारा वेतन रोक दिया गया है। बीईओ हनुमना द्वारा हद से ज्यादा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। संकुल प्राचार्य बीईओ हनुमना द्वारा बिना किसी वरिष्ठ अधिकारी के आदेश के वेतन रोकना न्यायसंगत नहीं है। प्राचार्य व्याख्याता संगठन से प्राचार्य सीपी साकेत ने न्याय की गुहार लगाई है।

# नौतपा आज से, तपन, उमस और बूंदाबांदी के बीच गुजरेंगे नौ दिन

## 2 जून को होगा समाप्त, उसके बाद भीषण गर्मी की सम्भावना



**रीवा।** भीषण गर्मी के दिन कहे जाने वाले नौतपा का आरम्भ बुधवार से हो रहा है। ज्योतिष की मान्यताएं हैं कि सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही नौतपा का ताप प्रारंभ हो जाता है। इस वर्ष सूर्यदेव 25 मई को दोपहर 2.51 बजे से रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। जिसके साथ ही नौतपा प्रारंभ हो जाएगा, जो 2 जून को समाप्त होगा। ज्येष्ठ माह में सूर्य के वृषभ राशि पर 10 अंश से लेकर 23 अंश 40 कला तक के विचरण की अवधि को नौतपा कहा जाता है। वैसे तो सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 8 जून तक भ्रमण रत रहेंगे अर्थात सूर्य की इस नक्षत्र में भ्रमण की अवधि 15 दिनों की होगी। लेकिन शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के प्रथम 9 दिन नौतपा के लिए स्वीकार किए जाते हैं। ऐसा मानना है कि इस दौरान यदि भीषण गर्मी होती है तो मानसून में अच्छी बारिश की संभावनाएं बनती हैं तथा कम गर्मी मानसून को क्षीण करती है। बताते हैं कि नौतपा के पूर्व 29 अप्रैल से शनि एवं मंगल के योग में तापमान में आशातीत वृद्धि की थी। यही कारण है कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह से लेकर मई का अंतिम सप्ताह खूब तपा। लेकिन 17 मई को मंगल के राशि परिवर्तन के साथ, देश के कुछ हिस्सों में तेज आंधी तूफान और बारिश ने तापमान को कम कर दिया। यद्यपि आगामी मानसून के लिए यह अच्छा संकेत नहीं है, इसलिए यदि नौतपा की अवधि में तापमान की तीव्रता होती है तो यह एक अच्छे मानसून का संकेत भी माना जा सकता है। नौतपा का प्रारंभ आज 25 मई से हो रहा है, अतः ग्रह स्थितियों के आधार पर कहा जा सकता है कि नौतपा का मध्यकाल तपेगा। तापमान में शुरुआती गिरावट के साथ धीरे-धीरे वृद्धि होगी जो मई के अंत एवं जून के प्रारंभ तक तीव्र होती जाएगी। शनि मंगल का द्वि-द्वादश संबंध उमस भरी गर्मी के साथ देश के मैदानी हिस्सों को खूब तपायेगा। यद्यपि, विंध्य क्षेत्र के कुछ हिस्सों में तापमान वृद्धि के साथ माह के अंत मे तीव्र वायु वेग सहित हल्की वर्षा की भी संभावना है।

**सीधे धरती पर पड़ेंगी सूर्य की किरणें :** ज्योर्तिविद राजेश साहनी ने बताया कि रोहिणी नक्षत्र का स्वामी चंद्र ग्रह माना गया है, जो शीतलता का प्रतीक होता है, जबकि सूर्य को ताप एवं ऊष्मा का ग्रह माना गया है। सूर्य जब चंद्रमा के नक्षत्र रोहिणी में प्रवेश करता है तो चंद्रमा की समस्त शीतलता को अपने प्रभाव में लेते हुए उसे क्षीण कर देता है। चंद्रमा से प्राप्त होने वाली पृथ्वी की शीतलता तेज तापमान में परिणीत हो जाती है। यही कारण है कि सूर्य के रोशनी नक्षत्र में संचरण की अवधि तापमान में आशातीत वृद्धि करती है। वैज्ञानिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में सूर्य की किरणें पृथ्वी पर सीधी सीधी पड़ती हैं जिस कारण तापमान में वृद्धि हो जाती है। इसके प्रभाव से ही लू, धूल भरी आंधी और बवण्डर आदि स्थितियां भी उत्पन्न होती हैं।

### 22 तक मानसून आने के आसार

3 जून को नौतपा की समाप्ति के पश्चात भी भीषण गर्मी का प्रकोप रहने वाला है। 8 जून के पश्चात सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र को त्याग कर मृगशिरा में प्रवेश करेंगे, जो तापमान को बरकरार रखेगा। यहां से उमस भरी गर्मी का दौर शुरू होगा। 8 जून से लेकर 22 जून का तीव्र गर्मी और बढ़े हुए तापमान का प्रकोप जारी रहेगा। इस वर्ष 22 जून को सूर्य आद्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे एवं ज्योतिष की मान्यताओं के अनुसार सूर्य का आद्रा नक्षत्र में प्रवेश मानसून लेकर आता है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि 22 जून के पश्चात ही तापमान में गिरावट आएगी। ग्रह स्थितियों के आधार पर इस वर्ष सामान्य से अच्छी वर्षा के योग उपस्थित हो रहे हैं।

### अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-18

# रीवा ने सीधी को 7 विकेट से हराकर जीता फाइनल मैच

## सोमदीप सिंह बने प्रतियोगिता के श्रेष्ठ खिलाड़ी



**जागरण, रीवा।** रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियो की अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता (वन डे) के अंतर्गत स्थानीय अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में मेजबान रीवा एवं सीधी जिले की टीमों के बीच खेले गए फाइनल मैच में रीवा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए। सीधी की टीम को 7 विकेट से पराजित कर विजेता बनने का गौरव पाया।

रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सह-सचिव अरुण शुक्ल ने बताया कि पिछले दिन हुई बारिश व खराब मौसम की वजह से फाइनल मैच विलंब से शुरू हुआ, जिस कारण यह मैच 50 की जगह 25-25 ओवर प्रति पारी निर्धारित करना पड़ा। टॉस जीतकर सीधी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सीधी के बल्लेबाजों ने आज सराहनीय खेल दिखाया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी टीम ने निर्धारित 25 ओवरो में 7 विकेट खोकर 167 रनों का अच्छा स्कोर बनाया। सीधी की ओर से अभिषेक गौतम ने 46 रन, रूद्रांश सिंह ने 42 रन व सागर सिंह ने 28 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेली। रीवा की ओर से सोमदीप सिंह ने एक बार फिर नपी तुली गेंदबाजी की तथा 3 विकेट लिए। अनुज दुबे एवं अनंत वर्मा ने भी 2-2 विकेट हासिल किए । जीत के लिए मिले 168 रनों के लक्ष्य के सामने रीवा की टीम ने जोरदार प्रदर्शन किया व जीत के लिए जरूरी रन 23वें ओवर मे मात्र 3 विकेट खोकर बना लिए। रीवा की ओर से स्वभाव सोनी ने बेहतरीन बल्लेबाजी की तथा नाबाद 70 रनों की पारी खेली। सोमदीप सिंह ने इस मैच में भी आलराउंड खेल दिखाया तथा 48 रन बनाए उनके अतिरिक्त अनंत वर्मा ने 21 रन, हर्शल शुक्ल ने 4 रन बनाए। इस प्रकार रीवा की टीम ने 7 विकेट की शानदार जीत के साथ विजेता का खिताब जीता। सोमदीप सिंह को उनके बेहतरीन आलराउंडर प्रदर्शन के लिए प्रतियोगिता का श्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। फाइनल मैच की समाप्ति के बाद रीवा की टीम को रीवा के पूर्व खिलाड़ी महेंद्र सिंह के द्वारा विजेता ट्राफी दी गयी। इस अवसर पर अजय सिंह, पुष्पराज सिंह, आशीष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

फाइनल मैच में जीतेन्द्र गुप्ता एवं धीरेन्द्र शुक्ल अंपायर रहे, जबकि स्कोरर का दायित्व कमलेश शुक्ल के द्वारा उठाया गया। संभागीय टीम के गठन के उद्देश्य से खिलाड़ियों के प्रदर्शन को परखने के लिए रीवा संभागीय जूनियर चयन समिति के सदस्य सुधाकर शुक्ल और देवेश शुक्ल भी मैचों के दौरान उपस्थित रहे। उनके द्वारा संभागीय टीम हेतु 23 संभावित खिलाड़ियों का चयन भी किया गया। अंतिम 15 सदस्यीय रीवा डिवीजन टीम का चयन 26 व 27 मई को खेले जाने वाले 2 सलेक्शन मैचों के पश्चात किया जाएगा। विदित हो कि रीवा की टीम मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की स्व. शफकत खान अंतरसंभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए 28 मई को भोपाल रवाना होगी।


### स्त्री रोग प्रसूति रोग एवं निःसन्तानता रोग विशेषज्ञ डॉ प्रगति पाठक की सेवायें प्रतिदिन रीवा में



स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग व निःसन्तानता रोग विशेषज्ञ डॉ प्रगति पाठक MBBS, MS (ऑब्स एन्ड गायनी) की सेवायें प्रतिदिन नियमित रूप से सुबह 9.30 बजे से 11.50 तक एवं शाम 5.00 बजे से 6.00 बजे तक कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक सेंटर, समदड़िया कॉम्प्लेक्स, न्यू बस स्टैंड रीवा में स्त्री एवं प्रसूति रोग से सम्बंधित बीमारियां जैसे विवाह के एक वर्ष बाद भी गर्भ धारण न कर पाना, बार बार गर्भ पात की समस्या, दोनों ट्यूब का ब्लॉक होना, मासिक धर्म की समस्या, मासिक धर्म के दौरान पेट में दर्द होना व अन्य तकलीफ होना बच्चेदानी में गांठ होना, अंडे बराबर न बन पाना, बच्चेदानी का ऑपरेशन, सभी प्रकार की सामान्य व जटिल प्रसूति एवं अन्य स्त्री प्रसूति रोग से सम्बंधित सभी प्रकार की विमारियों का इलाज व परामर्श। क्लीनिक में सभी प्रकार की जांच सुविधा भी उपलब्ध है जैसे पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, इको, टी एम टी, ई सी जी, आदि।

advt



## विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड

MP BIRLA GROUP

पंजीकृत कार्यालय : उद्योग विहार, डाकघर-चोरहटा, रीवा - 486006 (म.प्र.)

CIN: L31300MP1983PLC002134

Telephone No: 07662-400400, Fax No: 07662-400591

Email: headoffice@vtlrewa.com; Website: www.vtlrewa.com

**31 मार्च, 2022 को समाप्त हुई तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(लाख ₹ में)

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 31.12.2021 (अनांकेक्षित) | 31.03.2021 (अंकेक्षित) | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 31.03.2021 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 35782.85 | 30218.41 | 55656.28 | 132394.90 | 150205.52 |
| 2 | समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 7505.48 | 4721.25 | 15532.10 | 25829.88 | 35048.61 |
| 3 | कर के पूर्व समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 7505.48 | 4721.25 | 15532.10 | 25829.88 | 35048.61 |
| 4 | कर के पश्चात समयावधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 5606.80 | 3437.05 | 11603.97 | 19327.97 | 27007.90 |
| 5 | समयावधि के लिए विस्तृत आय [ समयावधि के लिए लाभ (कर पश्चात) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) को समावेशित करते हुए ] | 9375.95 | 4596.76 | 19730.73 | 36756.84 | 48124.41 |
| 6 | समता अंश पूँजी (प्रति अंश आय मूल्य रु.10/- प्रति) | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 | 1185.09 |
| 7 | आरक्षितियाँ (पुनर्मुल्यांकन आरक्षित को छोड़ कर) | | | | 302921.06 | 267375.39 |
| 8 | आधारभूत एवं तरलीकृत प्रति अंश आय (रु. 10/- प्रति अंश) (वार्षिककरण रहित) | 47.31 | 29.00 | 97.92 | 163.09 | 227.90 |

**कम्पनी की अंकेक्षित एकांगी मुख्य वित्तीय सूचनाएं इस प्रकार हैं:-**

| क्रमांक | विवरण | तिमाही अवधि | | | वार्षिक अवधि | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 31.12.2021 (अनांकेक्षित) | 31.03.2021 (अंकेक्षित) | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 31.03.2021 (अंकेक्षित) |
| 1 | परिचालनों से कुल आय | 35782.85 | 30218.41 | 55656.28 | 132394.90 | 150205.52 |
| 2 | कर के पूर्व लाभ | 2746.91 | 2476.85 | 6067.00 | 11200.21 | 13246.54 |
| 3 | कर के पश्चात लाभ | 2032.88 | 1836.75 | 4500.30 | 8460.59 | 10355.62 |
| 4 | समयावधि के लिए विस्तृत आय | 4768.14 | 2774.53 | 4683.52 | 13477.29 | 11991.12 |

**टिप्पणियां:** (1) संचालक मण्डल ने 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए 10/- रुपये अंकित मूल्य के पूर्णप्रदत्त समता अंश पर 10/- रुपये (100%) प्रति अंश लाभांश की अनुशंसा की है। लाभांश का भुगतान कम्पनी के आगामी वार्षिक साधारण सभा में अंशधारकों के अनुमोदन पर निर्भर है।

(2) उपरोक्त विवरण कम्पनी के 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अंकेक्षित एकांगी एवं समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है जो कि सेबी के (दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं की सूची) अधिनियम, 2015 के नियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में फाईल किया गया है। उपरोक्त तिमाही एवं वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेब साईट www.bseindia.com एवं www.nseindia.com एवं कम्पनी की वेब साईट www.vtlrewa.com पर भी उपलब्ध है।

दिनांक : 23 मई, 2022

कृते विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड
(हर्ष वी. लोढ़ा)
चेयरमैन
डीन : 00394094
कोलकाता